विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

नई दिल्ली, 1 मई 2014 दैनिक जागरण | V

महिलाओं के लिए कारपोरेट नीतियों में हो सुधार



महिला सशक्तीकरण पर आयोजित परिचर्चा के दौरान बाएं से फिक्की की पूर्व अध्यक्ष नैनालाल किदवई, फ़िक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष नीता बूचरा व अन्य।

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : औद्योगिक संगठन फिक्की में बुधवार को कॉरपोरेट जगत में महिलाओं की भूमिका व उनके सशक्तीकरण को लेकर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में देश भर से आईं महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में फिक्की की पूर्व अध्यक्ष व एक निजी बैंक की उच्च अधिकारी नैनालाल किदवई ने कहा कि उनके बैंक में महिलाओं को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मसलन उन्हें मातृत्व अवकाश व कामकाज के समय में लचीलापन आदि जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है, जिससे प्रतिभाशाली महिलाएं लंबे समय तक काम कर सकें।

इस मौके पर फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष नीता बूचरा ने कहा कि महिलाओं के कौशल को बढ़ाने के लिए हम राज्य की विभिन्न आइटीआइ के साथ हाथ मिला रहे हैं। दरअसल महिलाओं को अभी जिस प्रकार का प्रशिक्षण आइटीआइ में दिया जा रहा है वह उद्योग जगत की जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की दिपाली गोयनका ने कहा कि वैसे तो कॉरपोरेट जगत में पिछले कई सालों में महिलाओं के लिए जगह बनी है। इसके बावजूद इस संबंध में काफी काम करने की जरूरत है। अभी भी बहुत से ऐसे संस्थान है जो महिलाओं को अच्छी सुविधाएं नहीं दे रहे हैं।